## कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

क्रमांक/856 /MPLRS/FDB/2025 भोपाल, दिनांक 03/04/2025

**प्रति,**

**कलेक्टर,**
**समस्त जिला,**
**मध्यप्रदेश,**

**विषय** -जनप्रतिनिधियों की फार्मर आईडी बनाये जाने के संबंध में।

**संदर्भ** -सचिव, भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली का अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक Z-11021/32/2023-Digitial Agriculture दिनांक 28/03/2025

विषयांतर्गत पत्र (छायाप्रति संलग्न) का कृपया अवलोकन करें। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण आदि कार्य किए संपादित किए जा रहे हैं। फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने हेतु कैम्प के माध्यम से कार्यवाही पूर्ण की जा रही है।

फार्मर रजिस्ट्री के तहत प्रगति को बढ़ाने और इस कार्य के प्रचार-प्रसार हेतु भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी कृषि भूधारी जनप्रतिनिधियों का फार्मर आईडी तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराई जाए। इसके अंतर्गत कृषि भूधारी माननीय केन्द्रीय मंत्री, माननीय राज्य मंत्री, माननीय संसद सदस्य, माननीय विधायक, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य आदि की फार्मर आईडी तैयार की जाना है। ऐसा करते समय जनप्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम के महत्व और लाभ के संबंध में अवगत भी कराया जाना है, ताकि डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण और फ़ार्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में व्यापक जागरूकता हो सके और शत-प्रतिशत फार्मर आईडी पंजीकरण के बारे में सभी को प्रेरित किया जा सके। कृपया तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्न-यथोपरि।**

**(अनुभा श्रीवास्तव)** 3/4/25
**आयुक्त भू-अभिलेख**
**मध्यप्रदेश**

पृ. क्रमांक/ 856 /MPLRS/FDB/2025 भोपाल, दिनांक 03/04/2025

**प्रतिलिपि-**

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।

3/4/25

**आयुक्त भू-अभिलेख**
**मध्यप्रदेश**

**DEVESH CHATURVEDI**
**SECRETARY**

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**Government of India**
**Ministry of Agriculture & Farmers Welfare**
**Department of Agriculture & Farmers Welfare**

सत्यमेव जयते

**D.O. No.** Z-11021/32/2023-Digital Agriculture

Dated the 28th March, 2025

Dear Chief Secretary,

As you are aware, the Ministry of Agriculture & Farmers' Welfare has recently launched the Digital Agriculture Mission (DAM) to build the Digital Public Infrastructure (DPI) for agriculture in the country. Agri stack DPI is one of the major components of this Mission. It consists of three foundational registries or databases in the agriculture sector, i.e., the Farmers' Registry, Geo-referenced village maps and the Crop Sown Registry, all created and maintained by the State Governments/ Union Territories.

2. Farmers Registry is one of the key components of Digital Public Infrastructure for Agriculture, which would help develop various farmer-centric digital solutions, such as easy access to Government schemes, paperless crop loans, hassle-free selling of the produce, etc.

3. For the creation of the Farmers Registry, this Ministry has undertaken several approaches, such as providing a grant of Rs. 15,000 (Rupees Fifteen Thousand) per camp for the generation of at least 50% Farmer IDs and an incentive of Rs. 10 per Farmer ID from PM–KISAN Funds to the States to expedite the creation of Farmer IDs. With these efforts, I am pleased to inform you that the States have already generated nearly 5 crore Farmer IDs.

4. As a step forward, it has now been decided that campaign be undertaken to provide Farmer IDs to the Hon'ble Union and State Ministers, Hon'ble Members of Parliament, Hon'ble Members of Legislative Assembly/ Council, and Hon'ble Zila Parishad Chairpersons/ Members, Block Panchayat Chairpersons/ Members and Gram Panchayat Members who are farmers and have landholding against their name. Further, while doing so, it is extremely important that we demonstrate the value of this initiative to our Honourable People's Representatives so that they can motivate other farmers to enrol in the program quickly. This initiative will create awareness about the importance of Digital Agriculture Mission including Digital Crop Survey & farmer registry and encourage cent-percent enrollments.

5. Given the above, please direct the Agriculture/Revenue Department Officials to approach the people's representatives jointly and request them to participate in creating their Farmer IDs if they hold land after the Parliament/ State Assembly budget sessions are over.

Your cooperation in this regard is highly solicited.

with regards

Yours sincerely,

**(Devesh Chaturvedi)**